# मेरा कान्हा दिलवाला है | By Karan Raaj Mishra

क्या करूँ मेरा कान्हा काला है
लोग कहते बड़ा दिलवाला है
क्या करूँ मेरा कान्हा.............

काले रंग पे ही मीरा दीवानी हुई
प्यार में बावली राधा रानी हुई
उसका अंदाज़ सबसे निराला है
बड़ा नटखट बड़ा दिलवाला है
क्या करूँ मेरा कान्हा.............

कान्हा काँधे पे कमली सजाते चले
हाथ में बांसुरी ले बजाते चले
जिसपे मोहित ब्रज की बाला है
लोग कहते बड़ा दिलवाला है
क्या करूँ मेरा कान्हा.............

रूप कान्हा का सुन्दर सलोना लगे
काले रंग पे किसी का ना टोना लगे
प्रेम दीपक से फैला उजाला है
लोग कहते बड़ा दिलवाला है
क्या करूँ मेरा कान्हा..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-karan-raaj-mishra/